कोटद्वार, गुरूवार
8 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 104 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

बजीरा के जैमर तोक में भूस्खलन से आवाजाही बंद

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र में मंगलवार रात से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ममणी जखोली मोटर मार्ग पर बजीरा के जैमर तौक के समीप भारी भूस्खलन होने के कारण आवाजाही बंद हो गई है। वहीं भूस्खलन से बजीरा गांव के करीब पचास घरों को भी खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से समय रहते भू–धंसाव को रोकने की मांग की है। बुधवार को प्रधान बजीरा दिनेश सिंह चौहान, मालचंद रावत,भगतसिंह पुण्डीर, रणबीर सिंह राणा, मोहन सिंह चौहान, बलवीर सिंह सहित कई लोगों ने उपजिलाधिकारी जखोली को दिये ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र में विगत रात्रि से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ममणी जखोली मोटर मार्ग पर किमी एक पर जैमर तौक में भारी भूंधसाव होने से बजीरा गांव के 50 परिवारों के आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने भवनों की सुरक्षा के लिए शासन प्रशासन से कहा है कि समय पर भूस्खलन रोकने ट्रीटमेंट करने की मांग की है।

मलबा आने से 6 घंटे बंद रहा मूलगढ़–हुलानाखाल मोटरमार्ग

नई टिहरी। घनसाली क्षेत्र में मंगलवार रात से हो रही बारिश के चलते सड़के बंद होने और भू–धंसाव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि, लोक निर्माण विभाग में दोपहर तक सड़को को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया। क्षेत्र में लेकिन अभी भी बारिश की संभावना बनी हुई है। जिस कारण आपदाग्रस्त क्षेत्रों में लोग सहमे हुए है। बारिश के चलते मूलगढ़–हुलानाखाल मोटर मार्ग पर हुलानाखाल के पास भू–धंसाव होने से दो भारी भरकम चीड़ के पेड़ व मलबा सड़क आ गया। जिससे करीब छह घंटे तक मार्ग बाधित रहा। लोनिवि ने सड़क से मलबा व पेड़ हटाकर दोपहर एक बजे यातायात के लिए सुचारु कराया।

खेत में काम रह रही महिला की करंट लगने से मौत

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के ज्वालसी मुंदणी निवासी एक महिला के विद्युत पोल से करंट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई है। महिला अपने खेत में निराई गुडाई करने गई थी। लेकिन खेत में खड़े विद्युत पोल पर करंट दौड़ने से हादसा हो गया है। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ज्वालसी मुंदणी निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी जयपाल सिंह रावत उम्र 42 वर्ष अपने खेत में काम करने गई थी। लेकिन खेत के पास में लगे बिजली के पोल पर करंट दौड़ गया। जिस कारण महिला करंट की चपेट में आ गई। जिससे महिला बुरी तरह झूलस गई। दूसरे खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों को पता लगाते हुए उन्होंने परिजनों को सूचना दी। साथ ही बिजली विभाग को भी सूचना दी। परिजनों के मौके पर पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई थी।

सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी पर सेना द्वारा बनाया पुल तेज बहाव में बहा

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी पर सेना द्वारा बनाया गया अस्थाई पुल बीती रात हुई भारी बारिश के चलते मंदाकिनी के तेज बहाव में बह गया। इससे फिर राहत एवं बचाव कार्य में मुश्किलें पैदा हो गई है। इधर, बुधवार को पुल बहने के कारण गौरीकुंड से सोनप्रयाग आने वाले लोगों को मुनकटिया से पहाड़ी क्षेत्र से होते हुए सोनप्रयाग आना पड़ा। बताते चलें कि बीती 31 जुलाई को भारी बारिश के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग में हुए भूस्खलन के चलते मंदाकिनी नदी उफान पर आई और केदारनाथ हाईवे सोनप्रयाग में करीब 150 मीटर ध्वस्त हो गया जिससे यहां आवाजाही ठप हो गई। गौरीकुंड से लोग सोनप्रयाग की तरफ नहीं आ सके। सोमवार को सेना से सोनप्रयाग में सोन गंगा और मंदाकिनी के करीब मंदाकिनी नदी पर अस्थाई पुल बनाना शुरू किया जबकि मंगलवार को सेना ने पुल बनाकर तैयार किया जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को रेस्क्यू कर पार गया था। किंतु बीती रात केदारघाटी में हुई भारी बारिश के चलते मंदाकिनी का जल स्तर फिर से बढ़ा और सोनप्रयाग में बना अस्थाई पुल बह गया।

राज्यसभा की 12 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

● तीन सितंबर को होंगे चुनाव

नई दिल्ली ,चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन सितंबर को चुनाव कराए जाएंगे।

राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अगस्त को होगी, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 26 और 27 अगस्त है। बता दें कि 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार, राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के लिए 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है, 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

इसके बाद अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह 27 अगस्त तक ले सकता है। 3 सितंबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग कराई जाएगी और फिर उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि असम महाराष्ट्र और बिहार की दो सीटों पर और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना, ओडिशा में एक–एक सीट पर राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होना है। मध्य प्रदेश, राजस्थान हरियाणा, असम और ओडिशा में भाजपा उम्मीदवार के जीतने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, इन राज्यों में भाजपा की सरकार है और पार्टी के पक्ष में ज्यादा संख्या बल है।

भारतीय उच्चायोग के 190 कर्मचारियों की हुई वतन वापसी

नई दिल्ली, बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद अंतरिम सरकार के गठन की तैयारियां चल रही हैं।

इस बीच बुधवार सुबह एयर इंडिया का एक विमान 199 लोगों को लेकर दिल्ली पहुंच गया। दरअसल, एयर इंडिया ने मंगलवार देर रात ढाका एयर पोर्ट पर बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद अल्प सूचना पर एक विशेष चार्टर उड़ान संचालित की। इस विमान से 199 लोग भारत लौटे हैं, जिनमें 6 नवजात भी शामिल हैं। वहीं, शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने देश छोडने् के बाद खालिदा जिया को जेल से रिहा करने का आदेश दिया गया।

इसके बाद अब उनका बेटा भी वतन वापसी कर रहा है. बताया जा रहा है तारिक कई साल से लंदन में रह रहे थे, लेकिन शेख हसीना के देश छोडने् के बाद वह वापस बांग्लादेश पहुंच रहे हैं। वह आज शाम ढाका में होने वाली एक रैली में शामिल होंगे।

अयोध्या दुष्कर्म पीड़िता का कराया गया गर्भपात, डीएनए टेस्ट के लिए लिया भ्रूण का सैंपल

लखनऊ ,यूपी के अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता का लखनऊ के केजीएमयू में गर्भपात कराया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने डीएनए जांच के लिए भ्रूण का सैंपल भी लिया है।सूत्रों के मुताबिक, रेप पीड़िता का केजीएमयू में अबॉर्शन (गर्भपात) में कराया गया। गर्भपात के बाद पीड़िता की हालत सामान्य बताई जा रही है और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

बता दें कि पुलिस डीएनए रिपोर्ट के आधार पर दोषियों की पहचान करेगी।

दरअसल, अयोध्या में रेप पीड़िता की तबीयत खराब होने पर उसे अयोध्या जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। पीड़िता को पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सोमवार को लखनऊ के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

ज्ञात हो कि बीते दिनों अयोध्या में नाबालिग लडक़ी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। आरोप है कि सपा नेता मोईद खान ने नाबालिग को नौकरी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी उसके साथ दो महीने तक रेप करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां मेडिकल जांच के बाद पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद उसने परिजनों को पूरी कहानी बताई।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाबालिग के साथ बलात्कार के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान का मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया था। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं, इस मामले में आरोपी मोईद खान की बेकरी पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया था। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने आरोपी की बेकरी पर छापा मारकर सारा सामान जब्त कर लिया और उसकी बेकरी को सील कर दिया।

सरकार का बजट सभी वर्गों के लिए फायदेमंदः डॉ. निशंक

रुड़की। भाजपा जिला रुड़की की ओर से बुधवार को बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने बजट के बारे में बताया। कहा कि बजट में सभी वर्गों के लोगों के लिए रोजगार और आर्थिक वृद्धि के लिए बहुत कुछ है। नगर निगम सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार का पहला बजट पेश किए जाने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला रुड़की ने बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि इस बजट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसकी प्राथमिकताएं हैं। सरकार ने इस बार कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया है। कृषि क्षेत्र में किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं और सब्सिडी में बढ़ोतरी की गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्पतालों और चिकित्सा सुविधाओं में सुधार लाने की योजना बनाई गई है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि बजट में शिक्षा के क्षेत्र में नई योजनाएं और सुधार प्रस्तावित की गई हैं जो युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने में सहायक होंगे। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि इस बजट में सरकार ने राजस्व और व्यय के संतुलन को बनाए रखने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। इसमें कर सुधार, नई कर नीतियां और खर्चों में कटौती शामिल है। यह कदम दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।

बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले फर्जी आंसरशीट बरामद, 7 लोगों से पूछताछ

खगडिय़ा , बिहार में बुधवार को 21 हजार सिपाहियों की भर्ती को लेकर पहले चरण की लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। इसमें करीब 2.90 लाख परिक्षार्थियों को शामिल होना है जिसके लिए प्रदेश भर में 545 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इससे पहले खगडिय़ा में फर्जी आंसरशीट बरामद की गई है।

इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि परबत्ता क्षेत्र के एक विवाह भवन में करीब 90 परीक्षार्थी एकत्र हुए, जिन्हें फर्जी आंसर शीट दिए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन सभी की जांच की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसमें खगडिय़ा के बाहर के कई बच्चे भी शामिल हैं जिनका परीक्षा केंद्र खगडिय़ा में है। इसके नाम पर एक छात्र से पैसे वसूली की भी बात सामने आई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक स्थान पर करीब 90 छात्र जमा हुए थे। उनमें अलग–अलग जिलों के परीक्षार्थी शामिल हैं। फिलहाल 7 लोगों को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन की जा रही है।

योजनाओं में नवाचार पर ध्यान दें अधिकारी : धामी

योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बने विस्तृत एक्सन प्लान

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। पुष्कर सिंह धामी राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। तीन घंटे तक चली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों और योजनाओं के निर्माण में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए और आधुनिक तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनहित से जुड़े कार्यों में सही रास्ता निकालने की सबके मन में भावना होनी चाहिए। जन अपेक्षाओं के अनुसार हम उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यक्षेत्र में क्या विशिष्ट कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित से जुड़ी योजनाओं के नीति-निर्धारण और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सचिव गणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सचिव सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शासन और प्रशासन एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। राज्य के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही, लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाये बिना राज्य के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर निर्माण के साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए पूरा एक्शन प्लान बनाया जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं और निर्णयों का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है अतः योजनाओं और निर्णयों में राष्ट्रहित और जनहित पहली प्राथमिकता में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र आयोगों को भेजे जाएं। सुनिश्चित कार्ययोजना के साथ आगामी दो सालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में जिन इंडिकेटरों में हमें सुधार की आवश्यकता है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन इंडिकेटर पर राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, उनको बनाये रखना हमारे सामने चुनौती भी होगी। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल.फैनई, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत एवं सभी सचिव गण उपस्थित थे।

आगामी एक वर्ष की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन का बनाया जाए रोस्टर

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिव समिति की बैठक में राज्यहित से जुड़े विषयों की नियमित समीक्षा की जाए। श्रेष्ठ उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाया जाए, जिसमें ऐसी योजनाएं शामिल हों, जो व्यापक जनहित वाली हों। जनपदों के प्रभारी सचिव समय–समय पर जनपदों में जाकर योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मितव्ययिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राजस्व वृद्धि के साथ आवश्यक व्ययों को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस दिशा में कार्य होना आवश्यक है। सीमित संसाधनों से हमें बेहतर आउटकम देने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में जो सब्सिडी दी जा रही है,

मुख्य सचिव ने विभागों को तत्काल आंकलन प्रेषित करने के निर्देश दिए

– रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक राहत एवं बचाव अभियान संचालित करने के लिए शासन–प्रशासन की प्रशंसा की

देहरादून। हाल ही में केदारनाथ में आपदा से हुई क्षति के पुनर्निर्माण तथा भविष्य में आपदा से बचाव हेतु भारत सरकार से विशेष आर्थिक पैकेज मांग हेतु मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रभावित विभागों को तत्काल आंकलन प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन विभाग से भीमबली, केदारनाथ, सोनप्रयाग, चिम्बासा व लिंचौली क्षतिग्रस्त हैलीपेड्स का आंकलन, आपदा प्रबन्धन विभाग से भूस्खलन की निगरानी व पूर्व चेतावनी, लाइट डिटेक्शन एण्ड रेंजिंग सर्वेक्षण, असंतुलित ढलानों का भूतकनीकी अन्वेक्षण, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के लिए शमन उपाय, रिमोट सेंसिंग द्वारा बाढ़ निगरानी एवं भूस्खलन पूर्व चेतावनी हेतु आर्थिक पैकेज का आंकलन तत्काल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यूएलएमएमसी , लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, पुलिस, यूपीसीएल, आरडब्ल्यूडी, उरेडा, परिवहन व पशुपालन विभाग को आपदा न्यनीकरण हेतु प्रस्तावित कार्यों का आगणन भी प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक राहत एवं बचाव अभियान संचालित करने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों व कार्मिकों की प्रंशसा की है।बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु, सचिव पंकज पाण्डेय, सचिन कुर्वे, विनोद कुमार सुमन, डा0 आर राजेश कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक रूद्रप्रयाग मौजूद रहे।

दर्दनाक हादसा : कंटेनर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, 5 की मौके पर ही मौत–1 घायल

जयपुर , राजस्थान में चित्तौडग़ढ़–निंबाहेड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावलीय के पास बीती देर रात एक कंटेनर ने एक बाइक सवार परिवार को रौंद दिया, जिससे दंपत्ति सहित 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक मासूम बच्ची घायल हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर चित्तौडग़ढ़ के सदर थानाधिकारी संजय शर्मा मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एंबुलेंस को भी बुलाया गया।

बाइक सवार एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने कंटेनर की तलाश के लिए नाकाबंदी करवा दी है। बता दें कि बाइक पर एक दंपत्ति, 2 युवक, एक बालिका और एक साल का मासूम बच्चा सवार था। ये सभी लोग निंबाहेड़ा की तरफ जा रहे थे, तभी भावलिया के पास ये दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल बालिका को इलाज के लिए निंबाहेड़ा अस्पताल पहुंचाया है।

कुमाऊं के तराई क्षेत्र में बारिश ने तबाही मचाई

हल्द्वानी। कुमाऊं के तराई क्षेत्र में बारिश ने तबाही मचाई है। नदी का पानी बस्तियों में भरने पर रूद्रपुर में 395 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। यहां एसडीआरएफ ने जलभराव में फंसे 65 लोगों को राफ्ट से रेस्क्यू किया। उधर, काशीपुर में उफनाई ढेला नदी की चपेट में आने से एक अधेड़ बह गया, जिसका सुराग नहीं लग सका है। वहीं बागेश्वर जिले के कांडा क्षेत्र स्थित विजयपुर में एक स्कूल की छत भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि उस वक्त छात्र–छात्राएं मिड–डे–मील के लिए दूसरे भवन में थे। वर्ना यहां बड़ी अनहोनी हो सकती थी। पहाड़ के पांच जिलों में बारिश के चलते 58 सड़कों पर आवाजाही ठप हो गई है।

मंगलवार देर रात से हुई बारिश के कारण रूद्रपुर में कल्याणी नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ा और जगतपुरा, शक्ति विहार, आजादनगर एवं तीनपानी डैम क्षेत्र की बस्तियों में पानी भर गया। यहां बाढ़ के हालात होने पर प्रशासन ने 395 परिवारों को चार राहत शिविरों में शरण दी गई है। रूद्रपुर में जलभराव से कुल 460 लोग प्रभावित हुए। काशीपुर में बुधवार को जंगा कॉलोनी, कचनाल गाजी निवासी 57 वर्षीय रामभरोसे पुत्र राजाराम ढेला के तेज बहाव की चपेट में आने से बह गए। सर्च अभियान में फिलहाल उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।

बागेश्वर में स्कूल की छत गिरी, पांच मकान भी धराशायी

बागेश्वर जिले में बारिश से पांच मकान ध्वस्त हो गए। ताकुला रोड में रैखोली के पास मलबे में फंसे ट्रक के भीतर से चालक का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। जिले के कांडा क्षेत्र में स्थित इंटर कॉलेज विजयपुर में एक कमरे की छत अचानक भरभराकर गिर गई। इससे स्कूल में भगदड़ मच गई। स्कूल प्रबंधक प्रकाश भट्ट ने बताया कि यहां 150 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। गनीमत ये रही कि हादसे के वक्त बच्चे मिड डे मील के लिए दूसरे भवन में थे।

टनकपुर–पिथौरागढ़ एनएच तीन घंटे बाधित

चम्पावत में टनकपुर–पिथौरागढ़ एनएच स्वाला में मलबा आने से तीन घंटा बाधित रहा। लगातार बारिश के कारण बुधवार को नैनीताल में नैनीझील का जलस्तर 9.8 फीट तक पहुंच गया, जो इस मानसून सीजन में रिकॉर्ड जलस्तर है।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

● औली से गौरसों बुग्याल तक रोपवे हेतु सर्वे कराया जाये- महाराज ● गूंजी को पर्यटन गर्तव्य के रूप में विकसित करने पर जोर

देहरादून। पर्यटन मंत्री एवं अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सतपाल महाराज की अध्यक्षता में आज उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात् बोर्ड सदस्यों का मनतव्य प्राप्त किया गया। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सेवानियमावली–2013 में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव पारित करने के साथ–साथ वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित साहसिक पर्यटन के ईवेन्ट कलैण्डर का अनुमोदन प्रदान किया गया। श्री जागेश्वर धाम, महासू देवता, ओम पर्वत, मुनस्यारी, जादौन एवं टिम्बरसैण आदि के सुनियोजित विकास के सम्बन्ध में हो रहे कार्यों से बोर्ड को अवगत कराया गया। चंपावत में 10 प्रमुख नौलो के सुधार एवं पर्यटन के दृष्टि से विकसित किये जाने हेतु अग्रेत्तर दस्तावेजीकरण, मानचित्र और डी०पी०आर० गठन की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की भांति गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम का ज्वनतपेउ कमेजपदंजपवद प्लान तैयार किये जाने हेतु कन्सलटैन्ट का चयन कर अग्रेत्तर कार्यों के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया गया। प्रमुख पर्यटक स्थलों जैसे ऋषिकेश, नैनीताल में ठंडी सड़क आदि में डेस्टिनेशन के बारे में चर्चा की गई। कार्मिकों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बोर्ड बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि पिथौरागढ़ के गूंजी में महार्षि वेदव्यास की मूर्ति स्थापित कर एक पर्यटन गर्तव्य के रूप में विकसित किया जाये। गुड़गांव स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स की तर्ज पर थीम पार्क विकसित करने पर विचार किया जाये। औली से गौरसों बुग्याल तक रोपवे निर्माण हेतु सर्वे कराया जाये।

15 अगस्त को इस बार दिल्ली में आतिशी फहराएंगी झंडा

नई दिल्ली , मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि इस बार 15 अगस्त को दिल्ली में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी उनकी जगह झंडा फहरायेंगी।तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल ने एलजी को चिट्ठी लिखकर इस बात को सूचित किया है। अरविंद केजरीवाल ने जेल से एलजी वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है जिसमें 15 अगस्त पर दिल्ली में झंडा फहराने को लेकर कहा गया है। चिट्ठी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल ने कहा है, 15 अगस्त को मेरी जगह मंत्री आतिशी झंडा फहरायेंगी। दरअसल दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर साल दिल्ली सरकार छत्रसाल स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करती है। जिसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झंडा फहराते हैं। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। इसलिए उन्होंने अपनी कैबिनेट मंत्री आतिशी को झंडा फहराने के लिए अधिकृत किया है। गौरतलब है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने बीते सोमवार को शराब घोटाला मामले में सीबीआई की ओर से सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया।

पड़ोस जल रहा, हिंदुओं को चुन–चुनकर बनाया जा रहा निशाना : योगी आदित्यनाथ

अयोध्या ,आज दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। भारत का आस–पड़ोस जल रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं को चुन–चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। तब भी हम इतिहास के तथ्यों को ढूंढने का प्रयास नहीं कर रहे कि वहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्यों पैदा हुई है। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने और लडने् की आवश्यकता है। राम मंदिर का निर्माण मंजिल नहीं, पड़ाव है। इसे आगे भी निरंतरता देनी है। सनातन धर्म की मजबूती इन अभियानों को नई गति देती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। उन्होंने बुधवार को दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया।

संपादकीय

दो साल का रोजगार लक्ष्य

भारी बारिश की कारण उत्तराखंड में आई आपदा राहत कार्य की अगुवाई करते हुए मुख्यमंत्री धामी अब सरकारी मशीनरी को भी गति देने की कवायद में लग गए हैं। उत्तराखंड में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार तैयारी कर रही है जिसके तहत लक्ष्य रखा गया है कि अगले दो वर्षों में सभी रिक्त पदों को पारदर्शी तरीके से भर दिया जाए, साथ ही सरकार की ओर से विभिन्न सरकारी योजनाओं को लाभ और द तक पहुंचाने के कार्य में अब लीपापोती करने के बजाय इस दिशा में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य को पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए हैं। विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ उत्तराखंड में स्वरोजगार व अन्य योजनाओं का लाभ देने की घोषणा की गई थी। इधर लोकसभा चुनाव के कारण विकास कार्यों में कुछ ढिलाई नजर आई लेकिन अब सरकार सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए कमर कस चुकी है। शासन स्तर पर सचिवों को विभागों के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र आयोगों को भेजने एवं सुनिश्चित कार्ययोजना के साथ आगामी दो सालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसे कई पद है जिन पर नियुक्ति की प्रतीक्षा काफी लंबे समय से की जा रही है। इस दिशा में सरकार को संविदा कर्मियों तथा ठेकेदारी प्रथा पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के बारे में भी विचार करना होगा ताकि योग्य लोगों को सरकारी सेवाओं में समाहित किया जा सके। हालांकि सबसे महत्वपूर्ण है की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण तौर पर पारदर्शी रखी जाए वह भी ऐसे समय में जब पहले ही नियुक्तियां को लेकर उत्तराखंड काफी सुर्खियों में रह चुका है। योजनाओं के संचालन एवं विकास के लिए भी एक रोड मैप बनाने की जरूरत है जिससे कि योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंच सके। इसके लिए भी सरकार ने लक्ष्य निर्धारित किया है और आगामी एक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाने की तैयारी है। प्राकृतिक विसमतयों से जुड़े उत्तराखंड के लिए योजनाओं को बनाना एवं बचाए रखना एक बड़ी चुनौती है। महत्वपूर्ण है कि योजनाएं किस तरीके से तैयार की जाए कि वह प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षित रह सके। इसके लिए परियोजनाओं को दैवीय आपदा अथवा अन्य किसी भी संभावित नुकसान से बचाने के लिए उनका सेफ्टी ऑडिट करना एक प्रभावी कदम हो सकता है। इस मानसून में उत्तराखंड के पहाड़ों का एक बड़ा हिस्सा बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और सरकार के लिए इन स्थानों का जीणोद्धार एवं पुनर्वास बड़ी चुनौती है। जीवन यापन के लिए यहां एक तरफ युवाओं को रोजगार देना जरूरी है तो वहीं पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए इस स्थान पर रोजगार के अवसर सिर्फ बातों और कागजों में नहीं बल्कि धरातल पर उतारने की जरूरत है। सरकारी यदि अगले दो वर्षों में सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की तैयारी कर रही है तो सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी रोजगार उपलब्ध कराए जाएं ताकि खाली होते गांव बचाए जा सके और पहाड़ों की परंपरा तथा संस्कृति भी सुरक्षित रहे।

बिहार के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं

रोजगार अवसर बढ़ाने के लिए उनका अनुभव और योजनाएं बिहार के युवाओं के लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं। कृषि और उद्योगों के विकास के माध्यम से रोजगार सृजन की बात कारगर साबित हो सकती है। राज्य की आर्थिक संरचना में एमएसएमई पहले से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनको नई मदद और सुविधाएं औद्योगिक विकास का विकेंद्रित ढांचा खड़ा कर सकती हैं, जिससे कई क्षेत्रों के लोगों के जीवन में बदलाव संभव है। दिलचस्प है कि बिहार की बदली राजनीति के साथ प्रदेश में विकास की नई बयार बह रही है। बजट में बिहार के लिए 26 हजार करोड़ के पैकेज के ऐलान के बाद खासकर औद्योगिक विकास को लेकर उम्मीदें कोरी नहीं कही जा सकतीं। गया में औद्योगिक विकास, काशी की तर्ज पर महाबोधि और विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर, राजगीर और नालंदा का विकास, पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग और गंगा नदी पर दो पुलों के निर्माण आदि की महत्त्वपूर्ण घोषणा निश्चित रूप से बिहार की तरक्की का नया आयाम साबित होगा। बजट की घोषणा रोजगार, कौशल विकास और पर्यटन की संभावनाओं से भरी है। जरूरी है कि इस दिशा में तेजी से काम हो और जमीनी स्तर पर किसी तरह का राजनीतिक विरोध या दुविधा आड़े न आए। गौरतलब है कि बजट में कौशल विकास और रोजगार के साथ गरीब, युवा, महिला और किसानों पर बल दिया गया है, जिसे विकास का सकारात्मक संकेत कहा जा सकता है।

सुशील देव

केंद्र सरकार बिहार के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। घोषणाएं केंद्र में सरकार गठन से जुड़ी राजनीतिक मजबूरियों से भी जुड़ी हैं।

दरअसल, बिहार के मामले में अभाव और गरीबी की बात नई नहीं है। रोजी-रोजगार को लेकर लाखों लोग हर साल पलायन करने के लिए मजबूर हैं। बड़े उद्योग तो दूर वहां छोटे और मझोले उद्योगों की राह भी कठिन रही है। अलबत्ता, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महादलित नेता जीतन राम मांझी के केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री बनने के बाद कुछ उम्मीदें जरूर जगी हैं।

खुद मांझी भी मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें अपने विजन का मंत्रालय दिया है ताकि छोटे और मझोले उद्योगों को बढ़ाकर विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचा जा सके। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मोदी सरकार में सबसे उम्रदराज इस मंत्री ने इस दिशा में ईमानदारी और लगन से काम करने का भरोसा भी जताया है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध बिहार फिर से आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन के नये आयाम तलाश रहा है।

ऐसे में इस मंत्रालय की भूमिका वरदान साबित हो सकती है। दरअसल, बिहार में छोटे और मझोले उद्योगों का राज्य की आर्थिक संरचना को मजबूती देने में बड़ा योगदान है, जिसमें राज्य के कृषि आधारित उद्योग, हस्तशिल्प, खादी, हथकरघा उद्योग प्रमुख रूप से शामिल हैं। एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाएं-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया आदि बिहार के उद्यमियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही हैं। इनके माध्यम से नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिला है, जिससे रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे हैं।

अलबत्ता, दरकार इस बात की है कि राज्य के उद्यमियों को मंत्रालय की योजनाओं और सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी हो और उनका सही तरीके से क्रियान्वयन हो। उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, वर्कशॉप और मार्केटिंग कैंप का आयोजन भी किया जाना चाहिए। मांझी के मंत्री बनने से बिहार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावनाएं बढ़ी हैं। उनके नेतृत्व में मंत्रालय के अब तक के कामकाज से लगता है कि मांझी का ध्यान

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर है।

रोजगार अवसर बढ़ाने के लिए उनका अनुभव और योजनाएं बिहार के युवाओं के लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं। कृषि और उद्योगों के विकास के माध्यम से रोजगार सृजन की बात कारगर साबित हो सकती है। राज्य की आर्थिक संरचना में एमएसएमई पहले से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनको नई मदद और सुविधाएं औद्योगिक विकास का विकेंद्रित ढांचा खड़ा कर सकती हैं, जिससे कई क्षेत्रों के लोगों के जीवन में बदलाव संभव है।

दिलचस्प है कि बिहार की बदली राजनीति के साथ प्रदेश में विकास की नई बयार बह रही है। बजट में बिहार के लिए 26 हजार करोड़ के पैकेज के ऐलान के बाद खासकर औद्योगिक विकास को लेकर उम्मीदें कोरी नहीं कही जा सकतीं। गया में औद्योगिक विकास, काशी की तर्ज पर महाबोधि और विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर, राजगीर और नालंदा का विकास, पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर राजमार्ग और गंगा नदी पर दो पुलों के निर्माण आदि की महत्त्वपूर्ण घोषणा निश्चित रूप से बिहार की तरक्की का नया आयाम साबित होगा। बजट की घोषणा रोजगार, कौशल विकास और पर्यटन की संभावनाओं से भरी है। जरूरी है कि इस दिशा में तेजी से काम हो और जमीनी स्तर पर किसी तरह का राजनीतिक विरोध या दुविधा आड़े न आए। गौरतलब है कि बजट में कौशल विकास और रोजगार के साथ गरीब, युवा, महिला और किसानों पर बल दिया गया है, जिसे विकास का सकारात्मक संकेत कहा जा सकता है।

बैंकों से ऋण लेना भी आसान कर दिया गया है। मुद्रा लोन की सीमा 10 से 20 लाख कर दी गई है। खरीदारों को ट्रेडर्स प्लेटफार्म पर अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए कारोबार की सीमा को 500 करोड़ से घटाकर 250 करोड़ कर दी गई है। एमएसएमई क्षेत्र में 50 मल्टी प्रोडक्ट फूड यूनिट स्थापित करने के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी और पारंपरिक कारीगरों को इंटरनेशनल मार्केट में उनके प्रोडक्ट बेचने में सक्षम बनाया जाएगा। उनके लिए पीपीपी मोड में ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। केंद्र सरकार की पहल को आर्थिक जानकार अच्छा संकेत मान रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक जरूरी होगा कि जो घोषणाएं की गई हैं, उनको लेकर राजनीतिक सहयोग और समन्वय का एक बड़ा आदर्श बिहार देश के सामने रखे।

देश की आबादी जितनी तेजी से बढ़ रही है, उसके अनुरूप रोजगार अवसर पैदा करना अति आवश्यक होगा। बिहार उत्तर प्रदेश के बाद दूसरा बड़ा राज्य है, राज्य के युवाओं द्वारा हर साल काफी संख्या में रोजगार के लिए दूसरे शहरों को पलायन करना चिंताजनक है। ऐसे में मोदी सरकार ने जिस तरह बिहार का बेहतर बजट देने के साथ ही बिहार के पूर्व सीएम मांझी को एमएसएमई मंत्री बनाया है, उससे निश्चित ही राज्य का न केवल विकास होगा, बल्कि उद्योग और रोजगार का नया ढांचा विकसित होगा।

शिक्षण प्रक्रिया में समावेशन अत्यावश्यक

प्रो. सरोज शर्मा

वर्तमान शिक्षा के बदलते स्वरूप में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता जरूरी है जो हमारे देश की भावी पीढ़ी को नया आकार देगी और शिक्षकों की मजबूत पहचान सुनिश्चित करेगी। इसके लिए हमें अपने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को नये परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की जरूरत है।

इस दिशा में एनईपी-2020 ने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को उचित रूप से मान्यता दी है, जिसमें 21वीं सदी के सीखने के कौशल एवं सामग्री के साथ-साथ शिक्षा शास्त्र में उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण भी शामिल होगा और जो भावी शिक्षकों को बदलते समय की गति के साथ आगे ले जाएगा।

हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली ने हमेशा व्यक्ति के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को गौरवशाली भारतीय संस्कृति और विरासत को दृष्टिगत करते हुए नया स्वरूप दिया जाना चाहिए। शिक्षा सामूहिक सामाजिक प्रयास है जो सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए अनुशासित होकर अपनी पूर्ण कार्यक्षमता के साथ समाज का महत्त्वपूर्ण सदस्य बने। 21वीं सदी में हम जब वैश्विक समाज में रह रहे हैं तब शिक्षकों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के बहुमुखी कार्यक्रमों की जरूरत है। शिक्षा पाठ्यक्रम को इस तरह से संशोधित करने की भी आवश्यकता है कि वह समावेशी हो और उसमें आजीवन सीखने, शिक्षार्थियों के विकास और अनुप्रयोगों पर जोर हो।

लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों पर भी बल दिया जाना चाहिए और भावी शिक्षकों के बीच राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। पाठ्यक्रम को समाज की लगातार बदलती जरूरतों, नैतिक मानदंडों, प्रौद्योगिकी उन्नति और प्रसार एवं वर्तमान संदर्भ में दूरस्थ-वर्चुअल सीखने की पद्धति का भी संज्ञान लेना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद संपूर्ण भारत में अध्यापक शिक्षा का नियामक और पथप्रदर्शक है।

आज उसकी भूमिका और भी बढ़ती जा रही है। इसने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए भी हैं। इनमें से 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) महत्त्वपूर्ण कदम है। एक ओर चार वर्षीय विशिष्ट पाठ्यचर्या का निर्माण किया गया है तो दूसरी ओर कुछ चयनित संस्थानों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा जहां नवीन आवश्यकताओं के अनुसार आधारभूत संरचना और मानव संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनपीएसटी) अध्यापकों की गुणवत्ता का एक आधार प्रस्तुत करता है। इससे 21वीं सदी में अध्यापकों की कार्यदक्षता निर्धारित होगी ताकि बदलती तकनीक से वे स्वयं को कुशल बनाते रहे।राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद का एक और अभिनव प्रयास राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन (एनएमएम) है। यह शिक्षकों को सलाह देने, ज्ञान के औपचारिक-अनौपचारिक प्रसार के साथ ही शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल के विकास की दिशा में कार्य करता है। अनेक सरकारी नवाचारों को लागू करने के लिए ब्रिज कोर्स का निर्माण सरल और प्रभावी कदम होगा। जैसे-शारीरिक शिक्षा और योग शिक्षण। इसी प्रकार समावेशी शिक्षा पर भी पाठ्यक्रम जरूरी है। हम अपने समाज में बड़ी संख्या ऐसे बच्चों की पाते हैं, जो किसी न किसी तरह की शारीरिक या मानसिक अक्षमता से ग्रसित होते हैं। उनकी आवश्यकताएं बाकी बच्चों से अलग होती हैं। यही कारण है कि वे कहीं न कहीं शिक्षण की मुख्यधारा से अलग हो जाते हैं। अध्ययन- शिक्षण प्रक्रिया में उनका समावेशन अत्यावश्यक है। शिक्षकों में यह कौशल विकसित करना जरूरी है।भारत से अतीत में ज्ञान की कई धाराएं प्रवाहित हुई, परंतु कालांतर में कहीं खो गई। शिक्षक का अत्यंत महत्त्वपूर्ण दायित्व उस समर्थ और श्रेष्ठ भारत से विद्यार्थियों का परिचय कराना भी है। अतः एक ओर जहां शिक्षण- अध्यापन सामग्री के पुनरीक्षण के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेशन की आवश्यकता है, वहीं शिक्षकों को भी इस दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसमें भारत के दर्शन, चिकित्सा, गणित, खगोल शास्त्र, धातु विज्ञान, जीवन मूल्यों आदि जैसे विविध ज्ञान क्षेत्र से परिचय ब्रिज कोर्स के माध्यम से हो सकता है। सूचना तकनीक आज ज्ञान के प्रसार और शिक्षण का अत्यंत प्रभावी माध्यम है। यह शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच की दूरी को भी कम कर देती है।

वंचितों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला

अजय दीक्षित

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई ई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से ऐतिहासिक फैसला दिया है कि राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप- वर्गीकरण करने का अधिकार है। इसका अर्थ है कि इन समूहों के भीतर और अधिक वंचित जातियों को आरक्षण का लाभ दिया जाये । अगर इस फैसले को ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से लागू किया गया तो हाशिये पर खड़े लोगों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से ज्यादा परिणामदायी हो सकता है। शीर्ष अदालत ने इसी के साथ एससी और एसटी समूहों के भीतर भी आरक्षण के मद्देनजर मलाईदार (क्रीमीलेयर) की पहचान करके उसे आरक्षण से बाहर करने की व्यवस्था दी है। अभी तक मलाईदार तवके का सिद्धांत केवल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओवीसी) आरक्षण में ही लागू है । सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाले दिनों में भारतीय राजनीति में नया अध्याय जोड़ेगा। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के लिए आरक्षण का इस्तेमाल करते रहते हैं। देश में आरक्षण लागू होने के बाद प्रायः यही देखा जाता है कि इन जाति समूहों में जो अधिक ताकतवर हैं, वे आरक्षण का लाभ उठाने में सफल हो जाते हैं और जो कमजोर हैं उन्हें कुछ नहीं मिलता। ये कुछ पाने की आस में इंतजार करते रह जाते हैं। सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि ओबीसी में जो वंचित हैं वे भी शिक्षा और रोजगार पाने में सफल हो जाते हैं लेकिन एससी और एसटी समूह को यहां तक पहुंचने के ज्यादा अवसर प्राप्त नहीं होते। वस्तुतः देश के सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार सिकुड़ रहे हैं और निजी क्षेत्र में रोजगार अनिश्चितताओं से भरा है। जाहिर है ऐसे में स्थिर रोजगार की प्राप्ति के लिए आरक्षण की मांग भी बढ़ती जा रही है। कुछ समृद्ध और ताकतवर जातियां भी आरक्षण के लिए आन्दोलनरत हैं। आजकल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बनाने की जिद ठाने हुये हैं। मान लिया जाये कि जातिगत जनगणना हो भी जाये तो क्या उससे सभी को रोजगार मिल जायेगा। सच तो यही है कि आरक्षण रोजगार का विकल्प नहीं हो सकता। इतना जरूर है कि एससी और एसटी में लगातार नये-नये समूह जुड़ते जा रहे हैं।

प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी का बॉक्स ऑफिस पर धमाल

प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर नया रिकॉर्ड बनाने की पूरी तैयार में हैं. नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 27 जून को रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. साई फाई फिल्म कल्कि 2898 एडी शाहरुख खान की जवान को पछाड़कर चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनने वाली है. प्रभास के अलावा, फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी जैसे कलाकार खास रोल में हैं.रिलीज के 39वें दिन, कल्कि 2898 एडी ने पिछले दिन की तुलना में अपने कलेक्शन में 44त्न की वृद्धि दर्ज की और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1.8 करोड़ रुपये की कमाई की. तेलुगु वर्जन ने

0.58 करोड़ रुपये, तमिल ने 0.04 करोड़ रुपये और हिंदी ने 1.1 करोड़ रुपये, कन्नड़ और मलयालम वर्जन ने 0.04 करोड़ रुपये कमाए. बैड न्यूज, उलझ और औरों में कहां दम था जैसी नई हिंदी रिलीजों के साथ-साथ हॉलीवुड की मार्वल की डेडपूल और वूल्वरिन से कॉम्पिटिशन के बावजूद, कल्कि ने अपना जलवा बरकरार रखा. फिल्म की अब तक की कुल कमाई 639.65 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुकी है. कल्कि 2898 एडी शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर जवान से आगे निकलने की तैयारी में है, जो फिलहाल 640.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की लिस्ट में चौथे नंबर पर है. कल्कि इस माइलस्टोन को छूने से सिर्फ 60 लाख रुपये दूर हैं, जिसके बाद प्रभास टॉप पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में दो फिल्मों के एकमात्र अभिनेता बन सकते हैं.

विक्की-तृप्ति की फिल्म बैड न्यूज ने फिर पकड़ी रफ्तार

विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।तृप्ति डिमरी और एमी विर्क ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।यह तिकड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इसके बावजूद बैड न्यूज बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।हालांकि, वीकेंड पर एक बार फिर इस फिल्म ने अपनी रफ्तार पकड़ी है। अब बैड न्यूज की 17वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें बढ़ोतरी देखने को मिली है।लाखों में सिमटी इस फिल्म की कमाई एक बार फिर करोड़ों में कारोबार कर रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बैड न्यूज ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

सचिन तेंदुलकर के बाद रोहित शर्मा पर लगा दाग, 27 साल बाद श्रीलंका के खिलाफ कटी टीम इंडिया की नाक

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को बुधवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ श्रीलंका ने ये तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। सीरीज का पहला मैच टाई रहा था। इसी के साथ टीम इंडिया ने श्रीलंका में वो काम कर दिया है जो 27 साल से नहीं हुआ था। पहला मैच टाई होने के बाद भारत को दूसरे मैच में 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। तीसरे मैच में अगर टीम इंडिया जीत हासिल कर लेती तो सीरीज बराबरी पर खत्म होती,लेकिन मेजबान टीम ने उसे इससे महरूम रखा। श्रीलंका ने ये मैच 110 से अपने नाम किया।

27 साल बाद गंवाई सीरीज

इस मैच के साथ भारत सीरीज हार गया और ये 27 साल बाद हुआ है जब भारत ने श्रीलंका में कोई वनडे सीरीज गंवाई है। भारत ने आखिरी बार श्रीलंका के खिलाफ 1997 में वनडे सीरीज गंवाई थी। अर्जुन रणतुंगा के नेतृत्व वाली श्रीलंकाई टीम ने सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 3-0 से मात दी थी। इसके बाद भारत और श्रीलंका के बीच कुल 11 वनडे सीरीज खेली गईं और हर बार टीम इंडिया के पक्ष में नतीजे आए। सचिन के बाद अब रोहित शर्मा वाली भारतीय टीम को श्रीलंका में हार का सामना करना पड़ा है।

सनथ जयसूर्या का गजब संयोग

भारत ने जब सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में श्रीलंका में सीरीज गंवाई थी तब सनथ जयसूर्या उस सीरीज में मैन ऑफ द मैच रहे थे। वही जयसूर्या मौजूदा श्रीलंकाई टीम के अंतरिम कोच हैं। यानी दोनों ही सीरीज जीत में जयसूर्या मौजूद रहे हैं।

अहसास चन्ना ने ओटीटी शो हाफ सीए के सेट पर मनाया अपना जन्मदिन

गर्ल्स हॉस्टल, कोटा फैक्ट्री, मिसमैच्ड 2 और मॉडर्न लव मुंबई में नजर आईं अभिनेत्री अहसास चन्ना ने हाफ सीए के आगामी सीजन के सेट पर अपना 24वां जन्मदिन मनाया। हाफ सीए भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों और अनुभवों पर आधारित है। अभिनेत्री ने बताया, मुझे अच्छा लगता है कि काम करते हुए मैं जन्मदिन मना रही हूं। अपने जन्मदिन पर वह करना जो आपको पसंद है, यह निश्चित रूप से खास होता है। मेरा मानना है कि अगर मैं अपने जन्मदिन पर शूटिंग कर रही हूं, तो मेरा बाकी साल व्यस्त रहेगा। अपने जन्मदिन पर अपना पसंदीदा काम करते हुए जश्न मनाना मुझे अच्छा

लगा। हाफ सीए में अहसास ने आर्ची मेहता की भूमिका निभाई है, जो सीए बनने के इच्छुक छात्रों के संघर्ष, आकांक्षाओं और जटिल जीवन पर प्रकाश डालती है, क्योंकि वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा से गुजरते हैं। 5 अगस्त, 1999 को जन्मी अहसास पंजाबी फिल्म निर्माता इकबाल सिंह चन्ना और अभिनेत्री कुलबीर कौर बदेसरन की बेटी हैं। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। अहसास ने कभी अलविदा ना कहना, माई फ्रेंड गणेशा और फूंक जैसी फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। वह सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, देवों के देव...महादेव और सीआईडी जैसे टेलीविजन शो में भी नजर आ चुकी हैं। हाल ही में अहसास ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काफी काम किया है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया। टीवीएफ के साथ किया काम भी सराहा गया है।

आखिरी वनडे में बना अनोखा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला आज कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज रंजन मदुगले ने इतिहास रच दिया। यह बतौर रेफरी उनका 400वां वनडे मैच है। अब तक किसी अन्य रेफरी ने इस आंकड़े को नही छुआ है। मदुगले 1993 से मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं। वह 200 टेस्ट में भी बतौर मैच रेफरी नजर आ चुके हैं। यह भी अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

साइमन टफेल ने कही ये बात

पूर्व एलीट पैनल अंपायर और कउउ के पूर्व अंपायर प्रदर्शन और ट्रेनिंग मैनेजर साइमन टफेल ने कहा, "रंजन की लंबी उम्र उल्लेखनीय है। वह मेरे अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग करियर की शुरुआत और अंत तक वहीं थे। उन्होंने श्रीलंका आईसीसी और क्रिकेट के खेल की विशिष्टता और ईमानदारी के साथ सेवा की है।

भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल जीतने से चूकी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भारतीय हॉकी टीम की हौसलाअफजाई की है। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय हॉकी टीम को सेमीफाइनल में जर्मनी के हाथों 2-3 की शिकस्त सहनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का इस हार के साथ ही गोल्ड मेडल जीतने का सपना अधूरा रह गया। हालांकि, भारतीय हॉकी टीम के पास ब्रॉन्ज मेडल जीतने का मौका बना हुआ है। भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत (सातवें मिनट) और सुखजीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल दागे। वहीं, जर्मनी की तरफ से गोनजालो पीलट (18वें मिनट), क्रिस्टोफर रुहर (27वें मिनट) और मार्को मिटकाओ (54वें

मिनट) ने गोल दागे।

हरभजन सिंह ने बढ़ाया हौसला

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी निश्चित ही कड़ा सेमीफाइनल हारने के बाद निराश हुए, लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उनका हौसला बढ़ाया है। भज्जी ने पोस्ट किया, "जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत के लिए नतीजा अच्छा नहीं रहा। मगर हमें अपने भारतीय लड़कों पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चैंपियन की तरह खेला। हम आपको प्यार करते हैं।"

स्पेन से मिलेगी चुनौती

बता दें कि भारतीय हॉकी टीम को ब्रॉन्ज मेडल मैच खेलना है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय हॉकी टीम को ब्रॉन्ज मेडल जीतने के लिए स्पेन की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पता हो कि स्पेन को पहले सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स के हाथों 0-4 की शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत उम्मीद करेगा कि स्पेन को आसानी से मात देकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करें।

सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने वालों पर सख्ती, काटा चालान

नगर निगम की ओर से रात के अंधेरे में चलाया गया अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सार्वजनिक स्थानों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार रात टीम ने छापेमारी करते हुए पनियाली गदेरे में अपने प्रतिष्ठानों का कूड़ा डालने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान आमजन से भी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग की अपील की गई। कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने से शहर की स्वच्छता बिगड़ती है। साथ ही संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना रहता है।

कोटद्वार में सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने वालों को चेतावनी देते अधिकारी

मंगलवार रात नगर आयुक्त वैभव गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान नजीबाबाद चौराहे से पांच सौ मीटर आगे देवी रोड़ पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में एक व्यापारी गन्ने की खोई डालता हुआ नजर आया। आसपास के व्यक्तियों ने बताया कि व्यापारी प्रतिदिन यहां कूड़ा डालता है। इसी दौरान देवी रोड़ में संचालित होने वाले एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी भी उक्त स्थान पर कूड़ा डालने पहुंच गए। नगर निगम ने कर्मचारियों को पकड़कर उन्हें नाले में कूड़ा न डालने की चेतावनी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि गन्ने की खोई डालने वाले व्यापारी व रेस्टोरेंट स्वामी के खिलाफ पांच-पांच हजार रुपये का चालान किया गया है। साथ ही अभियान के दौरान आमजन से भी सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न डालने की अपील की गई। बताया कि घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। इसके बाद भी यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो निगम उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी शहरवासियों की है।

वार्षिकोत्सव पांच सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : लोक कलाकार सोसाइटी की ओर से अपना दसवां वार्षिकोत्सव पांच सितंबर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। जानकारी देते हुए सोसाइटी की महासचिव सरोज रावत ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें सोसाइटी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा गढ़वाली खुदेड गीतों की भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सोसाइटी के पदाधिकारी प्रकाश मोहन गढ़वाली से संजीव लीसा उद्योग कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी भी तरह की आयु निर्धारित नहीं की गई है। इसके लिए तीस अगस्त तक आवेदन करना अवश्यक है। बैठक में आनंदमणी जखमोला, वीरेंद्र भंडारी, बसंत घिल्डियाल, कंचन, शांति नेगी आदि मौजूद रहे।

शहर की समस्याओं पर नागरिक मंच ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहर की विभिन्न समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व में आंदोलन के बाद भी नगर निगम समस्याओं को लेकर लापरवाह बना हुआ है। मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि नागरिक मंच लगातार समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष कर रहा है। कुछ दिन पूर्व मंच ने नगर निगम कार्यालय में आंदोलन भी किया था। जिसके बाद अधिकारियों ने जल्द समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। लेकिन, अब तक समस्याओं के निराकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालत यह है कि शहर में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। लाख शिकायतों के बाद भी निगम अतिक्रमण हटाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। शहर के बीच स्थित मालवीय उद्यान को निगम ने कूड़े के वाहन खड़ा करने का स्थान बना दिया है। जबकि, स्थानीय बच्चे इस स्थान पर खेलते हैं। वर्षा काल बीतने को है लेकिन, नगर निगम ने शहर की नालियों की सफाई तक नही करवाई। नतीजा, वर्षाकाल में जगह-जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। कहा कि शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए शासन-प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

क्षेत्र में तिरंगा रैली निकालेगी भाजपा व भाजयुमो

कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते प्रदेश संगठन महामंत्री

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी व भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से योजनाएं तैयार की गई।

निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता व पदाधिकारी क्षेत्र में तिरंगा रैली निकालकर आमजन को देश भक्ति का संदेश देंगे।

देवी रोड स्थिति एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री अजय ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कार्यक्रमों की जानकारी दी। कहा कि इन कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रतिभाग करना होगा। युवा मोर्चा अधिक से अधिक युवाओं को साथ में लेकर तिरंगा रैली निकालेगा। इस दौरान शहीद व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर पुष्प भी अर्पित किए जाएंगे।

विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को आजादी के महत्व के बारे में समझाया जाएगा। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुट होने की अपील की। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने घर-घर तिरंगा लगाने के लिए आमजन को जागरूक करने की बात कही।

कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दिलीप सिंह रावत, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, कार्यक्रम संयोजक मोहन सिंह नेगी, महामंत्री नवनीत राजपूत, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

स्कूल में लटके मिले ताले, शिक्षक निलंबित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा नागेन्द्र बर्तवाल ने बताया कि बीरोंखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवीखाल कोठा में बीते मंगलवार को ताले लटके रहने का मामला सामने आया था। स्कूल में बच्चों के आने और कक्षों में ताले लटके होने का एक वीडियो सोशल मीडिया में भी प्रसारित हुआ। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल ने जांच करते हुए पाया कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका अवकाश पर थी। जबकि औपबंधिक शिक्षक कार्य दिवस पर स्कूल में नहीं आए। डीईओ ने कहा कि बिना अवकाश स्वीकृत कराए औपबंधिक शिक्षक का स्कूल में अनुपस्थित रहना गंभीर मामला है। जिससे बच्चों के पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ता है। बताया कि मामले में बीईओ की रिपोर्ट पर स्कूल के औपबंधिक शिक्षक को निलंबित कर उप शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल के कार्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। मामले में उप शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल को 15 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

विधायक ने अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बुधवार को विधायक राजकुमार पोरी ने कारगिल शहीद धर्म सिंह राजकीय इंटर कॉलेज कल्जीखाल में मेद्यावी छात्र सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में कल्जीखाल ब्लॉक के अव्वल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, बीईओ कल्जीखाल संजय कुमार, प्रधानाचार्य श्रवण रावत, जयदीप रावत, सीताराम पोखरियाल, अर्जुन पटवाल, भारत भूषण, सुभाष रावत, राकेश रावत मौजूद रहे।

शहीद मंदीप सिंह रावत की माता को किया सम्मानित

शहीद मंदीप सिंह रातव की माता को सम्मानित करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती शिशु मंदिर व ग्रीन आर्मी की ओर से शहीद मंदीप सिंह रावत की माता को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहीद के बलिदान को याद करते हुए देश हित में कार्य करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान गायन प्रतियोगिता में चेतन, पेंटिंग में कोमल व निबंध प्रतियोगिता में सिया जुयाल ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

शहीद मंदीप सिंह रावत की शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन सिंह नकोटी, बलिदानी मंदीप सिंह की माता सूमा देवी व ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने अमर बलिदानी मंदीप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रीन आर्मी व विद्यालय की ओर से मंदीप सिंह की माता सूमा देवी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चेतन प्रथम, अंशिका द्वितीय, वर्षा व आरूषी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, आशीष द्वितीय व जिया परवीन तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में सिया जुयाल प्रथम, श्वेता बिंजोला द्वितीय व आरुषी भंडारी तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर शिवम नेगी, उत्कर्ष नेगी, सौरव धूलिया, शिवांगी, सुशांत, सत्येंद्र गुसाईं, संदीप रावत, अमित, रूपेश पंत, दीप नारायण मौजूद रहे।

दूसरे दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : चारधाम यात्रा चैक पोस्ट तपोवन पर तैनात कर्मचारियों को निलंबित करने से आक्रोशित प्रवर्तन कर्मचारी संगठन, परिवहन विभाग व उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा। कहा कि जब तक कर्मचारियों की बहाली नहीं की जाती वह आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के सदस्य कुलदीप नेगी ने बताया कि 15 जून को रुद्रप्रयाग हादसे के बाद कुछ परिवहन कर्मियों को निलंबित कर दिया था। परिवहन कर्मियों ने निलंबन को गलत बताते हुए आंदोलन की घोषणा करते हुए कार्य बहिष्कार किया। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। काम नहीं होने पर वह पूरे दिन इधर-उधर भटकते रहे। इस मौके पर पौड़ी जिलाध्यक्ष नवीन गोस्वामी, जिला सचिव प्रेमपाल, अश्विनी कुमार, ध्रुव धामी, अक्षत पाठक, मीनाक्षी, प्रवींद्र लाल, देवेश भट्ट, अंकित डोभाल आदि मौजूद रहे।

हड़ताल पर कर्मचारी, कामकाज हुआ ठप

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड परिवहन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ ने रुद्रप्रयाग हादसे के बाद निलंबित कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर बुधवार को आरटीओ कार्यालय में कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से आरटीओ कार्यालय में दिनभर लोगों के काम नहीं हो पाए। लोगों को बिना काम कराए निराश होकर लौटना पड़ा। आरटीओ कार्यालय में कार्य बहिष्कार कर धरना देते हुए संघ की जिलाध्यक्ष मीरा रावत ने कहा कि रुद्रप्रयाग हादसे के बाद विभागीय कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। जो कि सही नहीं था। इससे विभागीय मिनिस्टीरियल कर्मचारियों में नाराजगी है। उच्चाधिकारियों ने बहाली का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक निलंबित कर्मचारियों को बहाल नही किया गया है।

विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के निर्देशन में बुधवार को टेली फिल्म के माध्यम से पंचायत क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। राजकीय महाविद्यालय, राजकीय आदर्श इंटर कालेज व मॉर्डन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता हेमंत पांडे, जुबिन नौटियाल, लक्ष्य सेन व अर्चना पूरन सिंह ने टेलीफिल्म के जरिए नशे के खिलाफ जागरुक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने भी छात्राओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

अनिल मधवाल बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड नैनीडांडा में महात्मा गांधी मनरेगा कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अनिल मधवाल को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनिल मधवाल को अध्यक्ष व सतपाल पटवाल को सचिव बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में जयदीप रावत को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र रावत को मीडिया प्रभारी चुना गया। इस मौके पर पंकज शर्मा, धीरेंद्र उनियाल, महेंद्र रावत, विनोद बिष्ट, विजय मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार स्टेशन पर "Contract for packing of two wheeler and other parcel packing service near outward parcel shed" 3 साल हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 20.08.2024 टाइम 10:30 am को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2422/24

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी सूचना

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस.एल.आर: 14816 (F-1, F-II, R-I), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 19020 (F-I),14318 (F-I), 22660 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 20.08.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 33 एस. एल. आर: 14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, F-II, R-I), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I),14609 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I),14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 21.08.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2421/24

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

पत्रांक 75-W/2/3/WA/Publication **दिनांक : 06.08.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

Tender No. Date	77-DRM-MB-24-25 dt. 06.08.2024
Name of work	Construction of new RUB at L.C. No. 57 (CH-HGJ) under ADEN/CH
Tender Closing Date Time	02.09.2024
Advertised Value (Rs.)	3,37,87,976.90
Earnest Money (Rs.)	3,18,900.00
Tender Cost (Rs.)	00.00
Bidding Start Date	19.08.2024
Period of Completion	6 Months

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2426/24

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 24.08.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 23.08.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

निविदा संख्या	निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त)	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रू0)
08/2024–25	रू0 250/–	वि0वि0 उपखण्ड तृतीय, जयहरीखाल के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में क्षतिग्रस्त/जीर्ण–शीर्ण विद्युत पोलों को बदलना/मरम्मत का कार्य।	20000.00
09/2024–25	रू0 250/–	वि0वि0 उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत बलभद्रपुर/हल्दूखाता अनुभाग में विद्युत लाइन के अनुरक्षण कार्य।	10000.00
10/2024–25	रू0 250/–	वि0वि0 उपखण्ड तृतीय, जयहरीखाल के अन्तर्गत जयहरीखाल अनुभाग में विद्युत लाइन के अनुरक्षण कार्य।	10000.00

पत्रांक : 1593/विविखको/टी–6
दिनांक : 07.08.2024

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

कार्यालय- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक- 1350/नि0अनु0/नि0का0/2024-25 दिनांक 07/08/2024

निविदा सूचना

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों की सील बन्द निविदाएँ दिनांक 20.08.2024 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.08.2024 से 17.08.2024 को अपराहन 02:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 20.08.2024 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क +18% GST	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता	श्रेणी
1	वार्ड नं0 4 विकास नगर गाड़ीघाट में श्रीमती भरोसी देवी के घर से श्री दुर्गेश ममगाई के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	6900	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
2	वार्ड नं0 4 गिवई स्त्रोत में कर्नल प्रशान्त पाठक के घर से श्री कल्याण सिह बिष्ट के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य।	49200	2000+360	60 दिन	45 दिन	'A'
3	वार्ड नं0 4 गाड़ीघाट में श्री रामकुमार सकलानी के घर से श्री चौहान के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	13700	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
4	वार्ड नं0 6 काशीरामपुर तल्ला में श्री सुमेर सिह के घर से स्व0 शिव सिह नेगी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	25600	1000+180	60 दिन	45 दिन	'B' and above
5	वार्ड नं0 7 कौडिया में बाल्मीकी धर्मशाला से श्री मंगल के घर के पीछे तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	10200	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
6	वार्ड नं0 9 काशीरामपुर उमेश नगर में सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	28800	1000+180	60 दिन	45 दिन	'B' and above
7	वार्ड नं0 12 लोअर कालाबड निट नं0 04 स्कूल श्री सुण्डली के घर से श्री प्रकाश कुलासरी के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	11200	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
8	वार्ड नं0 17 मानपुर में श्री अनिल ध्यानी के घर से श्री देवरानी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	23400	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
9	वार्ड नं0 18 मानपुर शिवपुर चौरो के निकट कान्हा पैलेस के आगे से मुख्य मार्ग से लिंक रोड का नर्माण कार्य।	10900	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
10	वार्ड नं0 19 लालपुर घराट जंगलात रोड श्री मनोहर देवरानी के घर से श्री बडथ्वाल के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	13700	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
11	वार्ड नं0 19 लालपुर निकट बिष्ट जनरल स्टोर से श्री हेमन्त ध्यानी के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	16900	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
12	वार्ड नं0 19 लालपुर घराट रोड में श्री प्रसन्न सिह नेगी के घर से श्री यशवन्त सिह के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	2200	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
13	वार्ड नं0 19 लालपुर निकट घराट जंगलात मुख्य मार्ग में श्रीमती अनीता देवी के घर से श्री गोविन्द असवाल के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	24300	1000+180	60 दिन	45 दिन	'B' and above
14	वार्ड नं0 20 एस0डी0 प्लाजा कालोनी में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	20800	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
15	वार्ड नं0 20 सिम्मलचौड गैस गोदाम रोड निकट भट्ट पोल्टी फार्म श्री जगमोहन सिह रावत के घर से श्री यतेन्द्र सिंह नेगी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	17100	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
16	वार्ड नं0 21 पदमपुर सुखरौ में श्री राकेश घनशाला के घर से श्री उमेश चन्द्र थपलियाल के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	16300	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
17	वार्ड नं0 22 पदमपुर सुखरौ में आदर्श कालोनी में सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	10500	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
18	वार्ड नं0 23 बिष्ट कालोनी शिब्बूनगर में सडक निर्माण व जल भराव के कारण सोक्ता पिट का निर्माण कार्य।	55300	2000+360	60 दिन	45 दिन	'A'
19	वार्ड नं0 24 बह्मपुरी बालासौड में कमाण्डो जिम से श्री सुनील जुयाल के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	56700	2000+360	60 दिन	45 दिन	'A'
20	वार्ड नं0 24 बालासौड में श्री खडक्वाल के घर से मुख्य मार्ग तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	16700	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
21	वार्ड नं0 24 बालासौड में श्री नवानी के घर से मुख्य मार्ग तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	13300	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
22	वार्ड नं0 25 रतनपुर में मुख्य मार्ग से श्री सतेन्द्र के घर की ओर सड़क निर्माण कार्य।	24400	1000+180	60 दिन	45 दिन	'B' and above
23	वार्ड नं0 25 रतनपुर में मुख्य मार्ग से श्री राजेन्द्र देवरानी के घर की ओर सड़क निर्माण कार्य।	26100	1000+180	60 दिन	45 दिन	'B' and above
24	वार्ड नं0 25 रतनपुर में मुख्य मार्ग से श्रीमती सरिता भदोला के घर की ओर सड़क निर्माण कार्य।	34500	1500+270	60 दिन	45 दिन	'B' and above
25	वार्ड नं0 25 हरसिहपुर बी0ई0एल0 रोड कालोनी में सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य।	10200	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above
26	वार्ड नं0 25 रतनपुर सुखरौ में मुख्य मार्ग अनूप सिह बिष्ट पोलट्रर फार्म से श्री राजेन्द्र सिह बिष्ट जी के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	22400	1000+180	60 दिन	45 दिन	'C' and above
27	वार्ड नं0 26 बलभद्रपुर में श्री देवेन्द्र सिंह के घर से श्री गणेश बिष्ट के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य।	14700	500+90	60 दिन	45 दिन	'C' and above

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

एक नजर

प्रवेश के लिए की पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में एमएड पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिनह नेगी ने बताया कि गढ़वाल विवि में एक जून को एमएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राएं 7 से 14 अगस्त तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। बताया कि गढ़वाल विवि के परिसरों में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं और गढ़वाल विवि से सम्बद्ध कालेजों के लिए छात्र पर अपना पंजीकरण कर सकते है। (एजेंसी)

कार के ऊपर गिरे बोल्डर

चमोली। गोपेश्वर बदरीनाथ हाईवे गौचर–कमेड़ा में पहाड़ी से लगातार आ रहे बोल्डरों के कारण बुधवार को बार–बार बाधित रहा। जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती रही। इस दौरान कर्णप्रयाग से ऋषिकेश की ओर जा रही कार के ऊपर अचानक बोल्डर आ गिरे। जिससे बड़ी अनहोनी होने से बच गई। कार में बैठे लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। कार के ऊपर पत्थर गिरने से लोगों ने इधर उधर भागकर जान बचाई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दकिशोर जोशी ने बताया मौके पर मौजूद मशीनों से बोल्डरों को हटाया जा रहा है। बुधवार को बदरीनाथ हाइवे नन्दप्रयाग में दो घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा। गौचर कमेड़ा में बदरीनाथ बुधवार समय 9.30 पर मलबा आने से बंद हो गया। मौके पर मशीनों से लगातार कार्य करने के बाद कमेड़ा में हाइवे सुचारू किया गया। एक घंटे के बाद फिर हाइवे पर फिर बोल्डर आने से कुछ समय के लिए यातायात थम गया। बुधवार को चमोली जिले में 32 ग्रामीण सड़कें बंद रही।

भाजपा कार्यालय का छज्जा गिरा

चमोली। बुधवार सुबह भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय का छज्जा और छत की रैलिंग भरभरा कर गिर गई। गनीमत यह रही कि उस दौरान कार्यालय में कोई नहीं था। भाजपा का जिला कार्यालय गोपेश्वर नगर के ग्वींलो क्षेत्र में स्थित है। प्रदेश में बने भाजपा के भव्य जिला कार्यालयों में चमोली जिले का जिला कार्यालय भी है। जो नवीनतम संसाधनों से युक्त है। बुधवार को गोपेश्वर भाजपा जिला कार्यालय का छज्जा और छत की रैलिंग टूटने की खबर से आस पास के इलाकों के लोग जमा हो गए।

श्रम अधिकारी रोस्टर बनाकर निपटाएं काम

नई टिहरी। जिले के लोगों की समस्याओं को देखते हुए अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिंकी टम्टा को निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार टिहरी जिले में कार्य कराएं। एडीएम के निर्देश पर उन्होंने इस माह का रोस्टर जारी कर दिया है। जिसके तहत अगस्त के पहले सप्ताह में ऋषिकेश कार्यालय, दूसरे सप्ताह में वह टिहरी जिले में रहकर श्रमिकों की समस्याएं हल करेंगी।

हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री से महाराज की चांइशील घाटी को जोड़ने पर चर्चा

बीजापुर गेस्ट हाउस में हुई दोनों की मुलाकात

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम मंत्री सतपाल महाराज की बीजापुर गेस्ट हाउस में हुई मुलाकात में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तराखंड के चांइशील घाटी से हिमाचल को जोड़ने वाली सड़क पर चर्चा की गई।

श्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर हिमालय की गोद में बसी चांइशील घाटी उत्तरकाशी, देहरादून (उत्तराखंड) और शिमला (हिमाचल प्रदेश) जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ी हुई है।

यहां जाने के लिए पर्यटक उत्तराखंड के बजाय हिमाचल के रास्ते जाते हैं। साहसिक पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण चांइशील घाटी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां दूर-दूर तक फैले खूबसूरत पहाड़, मीलों लंबे बुग्याल (मखमली घास के मैदान), जल धाराएं व दुर्लभ जड़ी-बूटियों का भरपूर खजाना मौजूद है।

आईटीआई देवप्रयाग को मिलेगा अपना भवन

नई टिहरी। विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि उनकी ओर से देवप्रयाग आईटीआई के नये भवन निर्माण का प्रस्ताव मंत्री सौरभ बहुगुणा को दिया गया था। जिस पर मंत्री बहुगुणा ने नये भवन के निर्माण की स्वीकृति देते हुए इसके वित्तीय पोषण का प्रस्ताव नाबार्ड को भेज दिया है। 1992 मे देवप्रयाग में आईटीआई की शुरुआत की गयी थी।

दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पशुपालकों का काम बढ़ा : बहुगुणा

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पहली बार दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पशुपालकों का काम बढ़ा है और उन्हें फायदा भी हो रहा है। कहा कि दुग्ध विभाग ने पहली बार उत्तराखंड में दो लाख साठ हजार लीटर दूध के लक्ष्य को प्राप्त किया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा कि उत्तराखंड में दूध का इतनी बड़ी मात्रा में उत्पादन आज तक नही हो पाया है। उत्पादकों के लिये राज्य सरकार द्वारा नई स्कीम के तहत भूसे पर 50 प्रतिशत और साल भर में 75 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में दूध का उत्पादन बढ़ने के साथ आंचल दूध के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है। कहा कि डेढ़ साल पहले जब उनकी सरकार दुबारा सत्ता में आई तो प्रोत्साहन राशि चार रूपये प्रति लीटर के हिसाब से लगभग 22 करोड़ रूपये का भुगतान नही हुआ था। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में पुराने पैसे का भुगतान किया गया साथ ही नए भुगतान के लिये अतिरिक्त पैसा भी दिया गया जो लोगों के खातों में समय पर जा रहा है।

प्रभावितों को बांटी 9 लाख 93 हजार की धनराशि

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विगत 31 जुलाई 2024 को तहसील थलीसैण क्षेत्रांतर्गत अतिवृष्टि के कारण प्रभावित 17 गांवों को एसडीआरएफ के तहत 9 लाख 93 हजार 520 रुपयें की आर्थिक सहायता दी गयी है। लोनिवि, जल संस्थान, विकास विभाग, विद्युत विभाग व सिंचाई विभाग क्षतिग्रस्त योजनाओं का चिन्हांकन की कार्यवाही पूरी कर ली गयी है। यह जनकारी देते हुए उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपूर वर्मा ने बताया कि प्रभावित कुल 17 गांवों में से 10 गांवों में आंशिक क्षति पर गृह अनुदान के रुप में 2 लाख 1 हजार 500 की धनराशि का वितरण, 04 गांवों में अनुग्रह अनुदान के रुप में 01 लाख 28 हजार 500 की धनराशि का वितरण, जैंती डांग गावं में अहेतुक सहायता के रुप में 01 लाख 25 हजार रुपये की धनराशि का वितरण, 07 गावों में कृषि उपज की क्षति पर 05 लाख 38 हजार 520 रुपये की धनराशि का वितरण किया तय समय सीमा के भीतर कर लिया गया है। इस प्रकार कुल 178 प्रभावितों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ दैनिक रुप से अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने बताया कि विभागीय परिसम्पत्तियों में लोनिवि बैजरों की थलीसैण-पीठसैण-बुंगीधार मोटर मार्ग पर हुई विभिन्न क्षति, जल संस्थान की 22 पेयजल योजनाएं, विकास विभाग की 09 योजनाएं, सिंचाई विभाग की 05 योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई है, जबकि विद्युत विभाग द्वारा सभी क्षेत्र के प्रभावित सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गयी है।

सोनप्रयाग में बाधित सड़क मार्ग को खोलने के लिए कार्य शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : विगत दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में 31 जुलाई को आपदा के कारण हुए नुकसान एवं राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द जनजीवन सामान्य बनाने, क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पैदल यात्रा मार्ग में अवरुद्ध यात्रा मार्ग को तत्परता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे।

अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड के बीच जो डेढ़ मीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे खोलने के लिए पोकलैंड मशीन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सोनप्रयाग पुल के पास जो सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी उसका पुश्ता निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने बताया कि केदारनाथ पैदल मार्ग कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा लगभग 15 स्थान ऐसे हैं जहां पैदल सड़क मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने के लिए मजदूरों द्वारा विषम कठिन परिस्थितियों में मरम्मत एवं निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। कहा कि केदारनाथ धाम से छोटी लिनचोली तक क्षतिग्रस्त पैदल यात्रा मार्ग को आवाजाही हेतु सुचारू कर दिया गया है। कहा कि मजदूरों द्वारा क्षतिग्रस्त केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को खोलने के लिए कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है किन्तु मौसम साथ न देने के कारण मजदूरों की सुरक्षा के दृष्टिगत कार्य निरंतर नहीं हो पा रहा है।

नागदेव डोली के साथ निकली कलश यात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पौड़ी में बुधवार को नागदेव की डोली के साथ कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई नागदेव मंदिर पहुंची। इसके साथ ही मंदिर परिसर में नाग पंचमी पर्व को लेकर तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत हो गई है।

बुधवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच कलश यात्रा में श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। शहर वासियों ने नागदेव की डोली के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार को मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ जागरण होगा। 9 अगस्त को नाग पंचमी के दिन मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना के दौरान कालसर्प दोष आदि को लेकर अनुष्ठान भी किए जाएंगे। विशाल भंडारे के साथ नाग पंचमी का समापन होगा। तीन दिवसीय पूजन को लेकर मंदिर परिसर में समिति की ओर से पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं।

उत्तराखण्ड और हिमाचल की आपसी कनेक्टिविटी जोड़ने के लिए की चर्चा

हिमाचल के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सीएम धामी से की भेंट

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को हिमाचल के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और हिमाचल के कैबिनेट मंत्री के मध्य उत्तराखण्ड और हिमाचल के बीच उत्तराखण्ड और हिमाचल की आपसी कनेक्टिविटी जोड़ने के लिए चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों की सीमा पर स्थानीय काश्तकारों को टोल टैक्स में छूट प्रदान की जाय।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुखू से भी फोन पर वार्ता कर दोनों राज्यों की आपसी कनेक्टिविटी को और अधिक विस्तार देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड और हिमाचल की भौगोलिक स्थिति लगभग एक जैसी है। हाल ही में सम्पन्न हुई नीति आयोग की बैठक में हिमालयी राज्यों के समग्र विकास के लिए विशिष्ट नीतियां बनाने का भी अनुरोध किया है। हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले पांवटा साहिब में यमुना नदी पर 550 मीटर लम्बे 02 लेन पुल पर वाहनों की आवाजाही के कारण भारी कंपन दिखाई देती है। आई.आई.टी. रूडकी की जांच और संस्तुति के बाद सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी इसके मरम्मत की मंजूरी दे दी गयी है। इसके लिये कम से कम 02 माह पुल के यातायात को बंद करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसके लिए पूरा सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुल की मरम्मत से पहले जिलाधिकारी देहरादून और जिलाधिकारी सिरमोर द्वारा डायवर्जन प्लान बनाया जायेगा। कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश ने कहा कि यातायात की सुगमता के लिये पुल के पास बनाए गए वन, खनन, आबकारी एवं आर.टी.ओ. के अवरोधों तथा लोडेड वाहनों की पार्किंग को पुल से 01 किमी. दूर स्थानांतरित किये जाने की आवश्यकता होगी, इस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश ने हिमाचल को उत्तराखण्ड से जोड़ने के प्रयासों पर बल देते हुए उत्तराखण्ड द्वारा यमुना नदी पर बनाये गये भीमावाला नावघाट 540 मीटर लम्बे पुल को जोडने वाले 820 मीटर लम्बे सम्पर्क मार्ग के निर्माण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिमाचल से उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले धौला से सेवाडोगरी तक 10 किमी. सड़क निर्माण कार्य होने से डोडराक्वार क्षेत्र 12 महीने आवागमन सुचारू हो जायेगा और दोनों राज्यों की आपसी कनेक्टिविटी भी बन जायेगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती प्रतिभा सिंह, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

थराली में ठेकेदारों का अनिश्चकालीन धरना शुरू

चमोली। सिंचाई खंड थराली में स्थाई अधिशासी अभियंता की नियुक्ति एवं खंड में विगत 3 वर्षों में किए गए कार्यों की एसआईटी जांच की मांग को लेकर राजकीय ठेकेदार संगठन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। ठेकेदारों का कहना है कि यदि उनकी मांगे नहीं मांगी गई तो वह आंदोलन को तेज करने के लिए बाध्य होंगे। पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय ठेकेदार संघ से जुड़े हुए ठेकेदार थराली के राडीबगड़ में एकत्रित हुई। यहां से सिंचाई खंड परिसर में पहुंचे जहां पर ठेकेदारों ने जमकर नारीबाजी कर प्रदर्शन किया। बाद में उप जिलाधिकारी थराली के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिंचाई खंड थराली में नियुक्त प्रभारी अधिशासी अभियंता राजकुमार द्वारा वित्तीय अनियमिताएं की गई है। बिना समाचार पत्रों में निविदाए प्रकाशित किए बिना अपने चेहतों के नाम बांड गठित कर राजकीय धन का दुरुपयोग किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजकीय ठेकेदार संगठन इस प्रखंड में स्थाई अधिशासी अभियंता की मांग एवं पूर्व के तीन वर्षों में इस खंड द्वारा किए गए कार्यों की एसआइटी जांच की मांग कर रहा है। धरना देने वालों में महावीर सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह, हरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, लाखन सिंह, किशन सिंह, महिपाल सिंह, हरिकृष्ण पांडे, सुजान सिंह आदि ठेकेदार शामिल रहे।

कंबल और छाता न मिलने पर श्रमिक भड़के

चमोली। श्रम विभाग गोपेश्वर में मंगलवार को कंबल और छाता लेने पहुंचे श्रमिकों ने सामग्री न मिलने पर श्रम विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। श्रम कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए लोगों ने श्रम विभाग में वितरित हो रही सामग्री की जांच की मांग उठाई। श्रमिकों ने कहा कि पिछले कई महीनों से जनपद के श्रमिकों को श्रम प्रवर्तन बोर्ड द्वारा कंबल और छाते दिए जा रहे हैं। श्रमिकों के खून की निशुल्क जांच भी की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से श्रम विभाग में पहुंच रहे लोगों को सामग्री नहीं दी जा रही है। यहां मौजूद कर्मियों का कहना है कि सामग्री समाप्त हो गई है। लोगों का आरोप है कि अपने चहेतों और जान पहचान वालों को ही सामग्री वितरित की जा रही है। कई दिनों से कार्ड नवीनीकरण के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन कार्ड नवीनीकरण भी नहीं किया जा रहा है। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि श्रम कार्ड नवीनीकरण के नाम पर भी फीस से अधिक रकम ली जा रही है। इस मौके पर सुनीलनाथन, नीरज, अनीता, वीरेंद्र सिंह, सुनीता, कुसुम, रेखा, अरविंद, कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अजय कुमार बर्मन का कहना है कि कांवड यात्रा के चलते कंबल और छाता नहीं पहुंच पाएं हैं। सामान आते ही सामग्री का वितरण किया जाएगा।

जगदेव बाबा मंदिर में किया पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पर्यावरण संरक्षण को लेकर कल्पतरु सामाजिक एवं सांस्कृति संस्था की ओर से मवाकोट क्षेत्र में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान सदस्यों ने जगदेव बाबा मंदिर परिसर में पौधा रोपण अभियान चलाते हुए लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

संस्था की अध्यक्ष कल्पना मंजेड़ा व सचिव साधना कुकरेती के नेतृत्व में मवाकोट जगदेव बाबा मंदिर परिसर में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। सदस्यों ने पौधा रोपण के साथ ही उनके संरक्षण पर ध्यान देने की भी बात कही। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण के हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। सदस्यों ने अभिभावकों को भी अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की अपील की। कहा कि बेहतर पर्यावरण के लिए आने वाली पीढ़ी का भी जागरूक होना आवश्यक है। इस मौके पर कलावती बिष्ट, दीपा नेगी, ममता, आरती, राकेश, विमला काला आदि मौजूद रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eecdpau.pwduk@gov.in, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1047/20ए0सी0 दिनांक 07/06/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा (सिंगल बिड) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाये http://www.uktender.gov.in पर दिनांक 16.08.2024 से उपलब्ध होगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा का मूल्य (रू0 में)	निविदा की वैद्यता (दिन)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह)	ठेकेदार की श्रेणी।
1	2	3	4	5	6	7
1	वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा में गवाणी-झलपाडी मोटर मार्ग के कि0मी0 1, 2, 3, 6 एवं 7 में पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य।	152400.00	4000.00 +18% GST	45	3	लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''सी'' एवं उच्चतर
2	वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा में दमदेवल-गडरी मोटर मार्ग का झलपाडी तक विस्तार के कि0मी0 1, 2 व 3 में पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य।	96500.00	3000.00 +18% GST	45	3	लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर
3	वित्तीय वर्ष 2024-25 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड पोखड़ा में ओड़गांव-बैन्दरखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 5 व 6 में पी0सी0 द्वारा नवीनीकरण का कार्य।	64200.00	2500.00 +18% GST	45	3	लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

भारतीय रेल

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्दवारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्टज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

खंड	TKM (दिनांक)
उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मीरानपुर कटरा स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1265/8 (चः 1265/228.50) से स्थान 1266/16 (चः 1266/460.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन	1.232 (14.08.2024)

No. 17-Elect/C/TRD/MB/124, Dated 06.08.2024

भारतीय रेल
25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय
"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के मीरानपुर कटरा स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1265/8 (चः 1265/228.50) से स्थान 1266/16 (चः 1266/460.50) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से ।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं ।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं: –

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।

iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उ.रे., मुरादाबाद

2416/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

डीएम ने की प्रत्येक मतदेय स्थल हेतु बीएलए नामित करने के संबंध में राजनैतिक दलों संग बैठक

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए बीएलए नामित करने के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने हेतु मतदेय स्थलवार बीएलए की नियुक्ति करते हुए सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। अपर जिला अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी । बताया कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु वर्ष में चार 01 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर निर्धारित की गयी हैं। निर्धारित तिथियों में बीएलओ द्वारा प्रारूप 6, 6क, 7 एवं 8 संबंधित मतदाताओं से प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही बीएलओ द्वारा अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा। तत्पश्चात ऐसे मतदाताओं के नाम हटाने की कार्यवाही की जाएगी। बीएलओ द्वारा ऐसे नागरिक जो दिनांक 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हों या पूर्ण कर चुके हैं उनके नाम सूची में दर्ज किए जाएंगे प्रवासी मतदाताओं के लिए 6क भरा जाएगा तथा नाम संसोधित करने, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में नाम समिलित करने के लिए प्रारूप 8 पर दावे आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।

बदरीनाथ में नर नारायण उत्सव कल से

चमोली। बदरीनाथ धाम में भगवान नर नारायण पर्व 9 अगस्त से दो दिन तक मनाया जाएगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि भगवान नर–नारायण के जन्म उत्सव के अवसर पर पहले दिन 9 अगस्त को श्री बदरीनाथ मंदिर में बाल भोग के पश्चात भगवान नर–नारायण की विग्रह डोली माता मूर्ति मंदिर पहुंचेगी। पूजा–अर्चना पश्चात देव डोली वापस श्री बदरीनाथ मंदिर पहुंचेगी। मान्यता है कि भगवान विष्णु के अवतार नर–नारायण ने श्री बदरीनाथ धाम में तपस्या की तथा सहस्त्रकवच दैत्य के अत्याचार से मुक्त किया। 10 अगस्त शनिवार को भगवान नर नारायण भगवान की विग्रह मूर्तियां बदरीविशाल के जन्मस्थल लीला ढुंगी पहुंचेंगी जहां धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट भगवान नर–नारायण का अभिषेक संपन्न करेंगे। इसके पश्चात भगवान नर–नारायण श्री बदरीनाथ धाम का भ्रमण करेंगे। इसके पश्चात भगवान नर–नारायण बदरीनाथ मंदिर परिसर में वापस विराजमान हो जायेंगे। इसी के साथ ही श्री नर–नारायण जयंती का समापन हो जाएगा।

ग्राम प्रधान की गौशाला में कैल की लकड़ी बरामद

चमोली। दरीनाथ वन प्रभाग के अन्तर्गत नन्दप्रयाग रेंज में वन विभाग ने कैल की बहुमूल्य ईमारती लकड़ियां पकड़ी हैं। बेशकीमती लकड़ियां नंदानगर में कनौल प्राणमति गांव के लैटाला तोंक में एक व्यक्ति की गौशाला के अंदर मिला है। वन विभाग के द्वारा खच्चरों और गाड़ियों की मदद से बरामद सभी लकड़ियों को रेंज कार्यालय नंदप्रयाग लाया गया हैं। जहां बरामद लकड़ियों को तस्करी की आशंका जताते हुए सील किया गया हैं। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने बुधवार को बताया कि कनोल गांव के जंगलों में बीतें दिनों आग लगने के कारण कुछ पेड़ जल कर गिर गए थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com